# अरुणाचल प्रदेश में भारत की पहली एकीकृत ऑयल पाम प्रसंस्करण इकाई

[स्रोत: इकनॉमिक टाइम्स]

**3F ऑयल पाम** (देश के अग्रणी ऑयल पाम विकास उद्यमों में से एक) द्वारा स्थापित**भारत की प्रमुख एकीकृत ऑयल पाम प्रोसेसिंग यूनिट का उद्घाटन वाणिज्यिक संचालन** हाल ही में शुरू हुआ। यह फैक्ट्री अरुणाचल प्रदेश की निचली दिबांग घाटी के रोइंग में स्थित है।

- महत्त्वपूर्ण संभावनाओं के बावजूद भारत वर्तमान में [खाद्य तेलों] में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिये संघर्ष कर रहा है, अपनी**आवश्यक पाम तेल का 96% आयात करता** है, जो देश के खाद्य तेल आयात बिल का 67% बनाता है, जो कुल **1 लाख करोड़ रुपए** से अधिक है।
  - यह मील का पत्थर [राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन - ऑयल पाम] द्वारा समर्थित, खाद्य तेलों में आत्मनिर्भरता की भारत की खोज में एक महत्त्वपूर्ण कदम है।
- भारत **वैश्विक स्तर पर खाद्य तेल का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता** और इसके सबसे बड़े आयातकों में से एक है।
  - भारत ने वर्ष 2022-23 में 16.5 मिलियन मीट्रिक टन (MT) खाद्य तेल का आयात किया, जिसमें शामिल हैं: पाम (इंडोनेशिया, मलेशिया और थाईलैंड से 9.8 मीट्रिक टन), सोयाबीन (अर्जेंटीना और ब्राज़ील से 3.7 मीट्रिक टन) और सूरजमुखी (रूस, यूक्रेन और अर्जेंटीना से 3 मीट्रिक टन)।
  - **इंडोनेशिया और मलेशिया** प्रमुख वैश्विक पाम तेल उत्पादक हैं, इसके बाद **थाईलैंड, कोलंबिया तथा नाइजीरिया** हैं।

**और पढ़ें:** [पाम-ऑयल उत्पादन]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-s-first-integrated-oil-palm-processing-unit-in-arunachal-pradesh